Girls' High School and College, Prayagraj
Work Sheet – NO. 8
Session – (2020-21)
Class – 3 (A-F)
Subject – HINDI
Topic – निबंध लेखन

निर्देश: अभिभावकों से यह अपेक्षा की जाती है कि छात्राएं निबंध लेखन के महत्वपूर्ण बिंदुओं को समझें तथा लिखे गए निबंध को ध्यानपूर्वक पढ़ें व लिखकर याद करें।

निबंध लेखन –
- किसी भी विषय पर निबंध लिखते समय उसकी रूप-रेखा बनालें।
- क्रमवार लिखना निबंध लेखन की प्रमुख विशेषता है।
- निबंध की भाषा सरल व प्रभावशाली हो।
- निबंध कम से कम 100-150 शब्दों में लिखा हो।

निबंध - प्रिय त्योहार

होली

भारत देश पर्वों का देश है। यहाँ कई त्योहार मनाए जाते हैं। होली भी एक प्रसिद्ध त्योहार है, जिसे रंगों का त्योहार भी कहते हैं। इसे फाल्गुन मास की पूर्णिमा को मनाते हैं।

होली का संबंध विशेष रूप से फसल के साथ जुड़ा हुआ है। हमारे देश में प्राचीनकाल से ही बसंत के बाद नए अन्न का स्वागत करने के लिए यज्ञ का आयोजन होता था। इस यज्ञ को 'नववर्ष का पर्व' कहा जाता था। यह होली का आदिम-स्वरूप था।
यह पर्व फाल्गुन मास की पूर्णिमा को मनाया जाता था क्योंकि इस समय तक खेतों में फसल पकने लगती है। लोग नए अन्न का पहला भाग ईश्वर को अर्पित करते थे, और कुछ भाग आधा भूनकर स्वंय भी प्रसाद के रूप में खाते थे। आधे भुने हुए भाग को संस्कृत में 'होलक' कहते हैं, जिस कारण इस 'नववर्ष के पर्व' को 'होलकोत्सव' कहा जाने लगा। यही शब्द आगे चलकर केवल 'होली' रह गया।

बाद में एक अन्य घटना भी इस पर्व के साथ जुड़ गई। कहा जाता है कि राजा हिरण्यकश्यप का पुत्र बहुत ईश्वर-भक्त

था, पर राजा को पुत्र की ईश्वर-भक्ति पसंद नहीं थी। राजा की एक बहन थी जिसका नाम होलिका था। उसे आग में न जलने का वरदान प्राप्त था। राजा ने अपनी बहन को आदेश दिया कि वह प्रहलाद को अपनी गोद में लेकर बैठ जाए, होलिका ने ऐसा ही किया पर ईश्वर-भक्त प्रहलाद बच गया और होलिका जल गई। यह घटना लोगों में इतनी लोकप्रिय हो गई कि 'होलकोत्सव' का पुराना स्वरूप मिटता चला गया।

आज भी प्रतिवर्ष होली से पहले लकड़ियों का ढेर बनाकर जलाया जाता है। अगले दिन लोग एक-दूसरे पर रंग डालते हैं और गुलाल लगाकर गले मिलते हैं। इस अवसर पर लड्डू और गुझिया बांटते हैं व आपस में मिलकर खुशियाँ मनाते हैं।

भारत में वृंदावन और राजस्थान में कई दिन तक होली धूम-धाम से मनाई जाती है।

होली हमें आपसी भेद-भाव को भुलाकर भाई-चारे का संदेश देती है।

अभ्यास- निम्नलिखित निर्देशों के आधार पर (प्रिय पशु) विषय पर निबंध लिखिए —

1 पशु का नाम
2 पशु के विषय में बताएँ
3 उसके गुण, कार्य व उपयोगिता के विषय में लिखें।

END